卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 289 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦27 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत, एक गंभीर

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। लक्ष्मण झूला मार्ग पर अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकरा गयी। हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राजकीय चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मृतक युवक तपोवन स्थित एक होटल में शेफ था। जानकारी के अनुसार ग्राम दोगड़ा दिउली यमकेश्वर निवासी 27 वर्षीय धर्मवीर तपोवन स्थित एक होटल में शेफ के रूप में काम करता था। गुरुवार सुबह धर्मवीर अपनी बाइक पर अपने एक अन्य सहकर्मी के साथ किसी काम से ऋषिकेश आ रहा था। प्रातः करीब 4 बजे चंद्रभागा पुल के पास




उनकी बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों युवकों को उनके ही अन्य सहकर्मियों ने 108 आपात सेवा की मदद से राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने धर्मवीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके दूसरे साथी को हल्की चोटें आई है। अस्पताल में उसका इलाज जारी है। सूचना पाकर युवक के परिवारजन तथा होटल संचालक राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। होटल संचालक ने बताया कि धर्मवीर का गुरुवार को अवकाश था। वह अपने साथी के कहने पर सुबह किसी काम से ऋषिकेश आ रहा था। युवक की (शेष पृष्ठ सात पर)

## विद्युत करंट से संविदा सीटीआर कर्मी की मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। बुधवार देर रात कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के धनगढ़ी स्थित सुल्तान गेस्ट हाउस में संविदा पर तैनात एक कर्मचारी की सरकारी आवास में बिजली



का करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस जानकारी में जुट गई है। बताया जाता है कि ग्राम कांडी मल्ली नैनीडांडा ब्लॉक पौड़ी गढ़वाल निवासी 28 वर्षीय धनपाल सिंह नेगी बुधवार को ही अपने घर से वापस ड्यूटी पर आया था उसके साथ में काम करने वाले सहयोगी संविदा कर्मी तेजपाल सिंह ने बताया कि दोनों ही कर्मचारी कल ही ड्यूटी पर आए थे। दोनों अपने बाल कटा कर सरकारी आवास पर पहुंचे थे। तेजपाल का कहना है कि जब वह आवास में नहा रहा था तो उसे करंट लगने का आभास हुआ। उसने तुरंत धनपाल को आवाज देते हुए कमरे में करंट आने की बात कही। इसी बीच धनपाल कमरे के बाहर लगी एक तार जिसमें वह कपड़े सुखाते थे उसमें करंट (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## स्पा सेंटर में देह व्यापार का भंडाफोड़,पांच गिरफ्तार

### दो महिलाएं, दो ग्राहक और संचालक आया गिरफ्त में

रुड़की(उद ब्यूरो)। गणेशपुर में पुराना रेलवे रोड पर एक स्पा सेंटर में देह व्यापार का भंडाफोड़ हुआ है। देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। इनमें दो ग्राहक और एक स्पा सेंटर संचालक भी शामिल है। मौके से कुछ आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है। गंगनहर कोतवाली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि गणेशपुर में पुराना रेलवे रोड पर एक स्पा सेंटर में देह व्यापार संचालित हो रहा है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बीएल भारती, वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रदीप तोमर ने महिला आरक्षी के साथ मिलकर मौके पर छापा मारा। पुलिस की कार्रवाई से स्पा सेंटर पर हड़कंप मच गया। पुलिस को देख वहां पर मौजूद महिलाएं और पुरुष भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से दो पुरुष ग्राहकों व स्पा सेंटर के संचालक तथा दो महिलाओं सहित कुल पांच लोगों को पकड़ लिया। स्पा सेंटर से पुलिस ने आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस पकड़े गये आरोपितों से पूछताछ कर रही है ।

## मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष की हत्या का खुलासा, एक गिरफ्तार

जसपुर (उद संवाददाता)। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मो. आरिफ की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने गुरूवार को खुलासा कर दिया। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या अप्राकृतिक शारीरिक सम्बंध बनाने को लेकर की गयी। खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 20 जुलाई 2023 को प्रातः 10.00



बजे जसपुर के शमशान घाट रोड आम के बाग के पास चकरोड पर अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली थी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक का लोअर खुला हुआ था और गले में चुन्नी का फंदा था। शव से कुछ दूरी पर स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाईकिल और सफेद रंग का गमछा बरामद हुआ था, शव को देखने पर प्रथम दृष्टया हत्या का अंदेशा हुआ । मोटर साईकिल के वाहन स्वामी की जानकारी करने पर उक्त वाहन मो0 आरिफ पुत्र मो0 उमर निवासी नया मछली बाजर थाना जसपुर तस्दीक हुआ। मौके पर मृतक के भाई वसीम व मृतक की पत्नी फिरदोष को बुलाया गया जिनके द्वारा शव की पहचान मो0 आरिफ के रुप में की गयी थी। मामले में वसीम की तहरीर के आधार पर कोतवाली जसपुर में मामला दर्ज किया गया था। मो0 आरिफ वर्तमान में जसपुर मोहर्रम कमेटी का अध्यक्ष था,जिसकी (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसएसपी ने सात उपनिरीक्षकों के किये तबादले

रूद्रपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मंजूनाथ टीसी ने जिले की कानून व्यवस्था में फेरबदल करते हुए 7 उप निरीक्षकों के तबादले किये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार को एस एस पी ऑफिस से प्रभारी चौकी सिडकुल पंतनगर, उपनिरीक्षक पंकज कुमार को प्रभारी चौकी सिडकुल से प्रभारी चौकी बरा थाना पुलभट्टा, उपनिरीक्षक जयप्रकाश को पुलिस लाईन से कोतवाली रूद्रपुर, उपनिरीक्षक बसन्त प्रसाद को पुलिस लाईन से थाना (शेष पृष्ठ सात पर)

## सामान चोरी करके भाग रहा युवक रंगे हाथ दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं घर से सामान चोरी कर भाग रहे एक युवक को लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया और उसे पुलिस के सुपुर्द कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। हरेन्दर सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी ग्राम कीरतपुर ने कहा है कि 26 जुलाई को उसके घर में ताला लगा हुआ था । शाम 5 बजे अपने घर आए तो देखा एक व्यक्ति उसके घर के दरवाजे को बंद कर जा रहा है। जब दौड़कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

खटीमा (उद संवाददाता) । झनकट क्षेत्र में घर में घुसकर लाखों के जेवर और पचास हजार की नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पकड़े गये चोर से चोरी किया गया माल भी बरामद किया गया है। बता दें श्रीमती हंसा बसेड़ा पत्नी जगदीश बसेड़ा निवासी झनकट खटीमा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि 25 जुलाई को सायं 4 बजे



वह अपने घर पर बेटे मंयक को छोडकर भवन निर्माण कार्य के लिए गयी थी। शाम छह बजे बजे वापस आई तो बेटा रास्ते में घूमता मिलना जब कमरे में पहुची तो घर का सामान बिखरा था। घर से सोने के जेवर मंगलसूत्र डेढ़ तोला, चोकर आधे तोला, कान के झुमके डेढ़ तोला, टॉप्स, एक तोले की नथ, मांगटीका दस ग्राम, अंगूठी और 50,000 की नकदी गायब थे। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के अनावरण के लिए क्षेत्राधिकारी खटीमा (शेष पृष्ठ सात पर)

## अनियमितताओं की शिकायत पर उपनिबंधक को निलंबित

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर भ्रष्ट और लापरवाह अधिकारियों पर लगातार कार्यवाही जारी है।इसी क्रम में शासन ने बड़ा एक्शन लिया है। महा निरीक्षक निबंधन कार्यालय उत्तराखंड देहरादून ने अनियमितताओं के चलते उपनिबंधक स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन राम दत्त मिश्र को निलंबित कर दिया है। महानिरीक्षक निबंधन देहरादून ने जारी आदेश में कहा है कि मिश्र द्वारा सत्यनिष्ठा तथा कर्तव्यपरायणता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन न किया जाना तथा तत्समय प्रवृत्त नियमों, विनियमों तथा शासकीय आदेशों की स्पष्ट अवहेलना किया जाना संज्ञान में आया है। उक्त कृत्य उत्तरांचल राज्य कर्मचारियों की आचरण नियमावली, 2002 के नियम क्रमशः 3 (1)व नियम 3 (2) का स्पष्ट उल्लंघन है। मिश्र के विरुद्ध अभिकथन गम्भीर प्रकृति के हैं। जारी आदेश में कहा है कि उत्तराखण्ड सरकारी सेवक (शेष पृष्ठ सात पर)

# छः महीने में पुलिस ने 92 नशा माफिया भेजे सलाखों के पीछे

## सबसे ज्यादा नशे के मामले ऊधम सिंह और नैनीताल जनपद से आए : भरणे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशा मुक्त उत्तराखंड नारे को सफल बनाने के लिए प्रदेश में पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पिछले 6 महीनों में पुलिस टीम द्वारा अलग अलग स्थानों से 92 नशा माफियाओं को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है। यह जानकारी देते आईजी कुमाऊं डा.नीलेश आनंद भरणे ने एक समीक्षा गोष्ठी में बताया कि उत्तराखंड पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री एवं भंडारण पर रोक लगाए लगाने के लिए कार्रवाई जारी है। उसके बाद भी कुमाऊं मंडल में नशे का कारोबार बढ़ रहा है। ऐसे में पुलिस अब नशे के कारोबार पर कड़ाई से लगाम लगाने के लिए बनाई गई एएनटीएफ टीम को और मजबूत करने जा रही है। उन्होंने बताया कि कुमाऊं मंडल की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और एसओजी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। जिसका नतीजा है कि पिछले 6 महीनों में टीम द्वारा 92 नशा माफियाओं को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा नशे के मामले ऊधम सिंह और नैनीताल जनपद से आए हैं। एएनटीएफ की टीम द्वारा ऊधमसिंह नगर से 80.51 ग्राम स्मैक, 3.004 किलोग्राम चरस, 85.196 किलोग्राम गांजा, 494 नशीले इंजेक्शन, 11,870 नशे के कैप्सूल बरामद कर कुल 18 अभियोगों में 27 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं नैनीताल में 729 ग्राम स्मैक, 11.781 किलोग्राम चरस, 257 नशीले इंजेक्शन बरामद कर कुल 31 अभियोगों में 39 अभियुक्त गिरफ्तार किए हैं। एसओजी नैनीताल द्वारा 3 किलो 980 ग्राम चरस, 01 किलो 286 ग्राम स्मैक, 01 तेंदुए की खाल, 776 ग्राम यारसा गम्बू, 290 पेटी अंग्रेजी शराब और जुआ-सट्टा से 30,900 रुपए बरामद कर 80 गुमशदा बच्चों को ढूंढा गया। एसओजी अल्मोड़ा द्वारा 226.9 ग्राम स्मैक, 2.717 किलोग्राम चरस, 2.003 ग्राम अफीम बरामद कर कुल 19 अभियोगों में 30 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। बागेश्वर में 23.54 ग्राम स्मैक,4. 016 किलोग्राम चरस बरामद कर कुल 7 अभियोगों में 9 अभियुक्त गिरफ्त में लिए गए हैं। इसके अलावा पुलिस द्वारा गठित की गई एसओजी टीम द्वारा भी नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। जिसके तहत ऊधमसिंह नगर में 313.96 ग्राम स्मैक,1.350 किलोग्राम चरस, 58.400 किलोग्राम गांजा, 519 नशीले इंजेक्शन,11,534 नशीले कैप्सूल, 22 लाख 8 हजार 500 रुपये की नकली करेंसी, 8 तमंचे व उपकरण, 112 पेटी देशी शराब, 40 लीटर देशी (12 ड्रम), 06 पेटी अंग्रेजी शराब और 409 लीटर कच्ची शराब खाम बरामद की गई है। एसओजी बागेश्वर द्वारा 4 किलो 6 ग्राम चरस, 23.54 ग्राम स्मैक 29 पेटी अंग्रेजी/ देशी शराब और 10 गुमशुदा लोगों को ढूंढा गया है। एसओजी पिथौरागढ़ द्वारा 06 किलो 578 ग्राम चरस, 106.22 ग्राम स्मैक, एक 12 बोर बंदूक व 06 जिंदा कारतूस, 113 पेटी 08 बोतल, 20 पव्वे अंग्रेजी शराब, 41790 रुपये और 23 गुमशुदा लोगों को ढूंढा गया है। वहीं एसओजी चंपावत द्वारा 7 किलो 418 ग्राम चरस, 266 ग्राम 90 मिलीग्राम स्मैक, 442 बोतल देसी, 212 बोतल अंग्रेजी शराब समेत 49 गुमशुदा लोगों को ढूंढा गया। आईजी कुमाऊं श्री भरणे ने कहा कि बहुत से ऐसे माफिया हैं जिनको चिन्हित किया गया है। उनकी अवैध संपत्ति पर भी अब कार्रवाई की जाएगी। गोष्ठी में एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र, कुमाऊं मंडल के समस्त सीओ ऑपरेशन, एएनटीएफ प्रभारी, एसओजी प्रभारी तथा टीम के सदस्य मौजूद थे।



## डीडीहाट में रोड बंद होने से 1700 रूपये का मिल रहा सिलेंडर

पिथौरागढ़। प्रदेश में हर तरफ भारी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। सीमांत जिले पिथौरागढ़ में लोगों को भारी बारिश के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश के कारण मंहगाई बढ़ गई है। आलम ये है कि 1100 रूपए में मिलने वाला सिलेंडर लोगों तक पहुंचते-पहुंचते 1700 रबपए तक हो जा रहा है।भूस्खलन से संवेदनशील इलाकों में सड़क मार्ग और राजमार्ग अवरुप्रदेश में भारी बारिश मे आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जहां एक ओर बारिश के कारण पहाड़ से लेकर मैदान तक जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तो वहीं पहाड़ों पर सड़कें बंद होने के कारम रोजमर्रा का सामान दोगने दाम में मिल रहा है।पिथौरागढ़ में पीएमजीएसवाई की डीडीहाट-देवीसूना-कौली-गराली सड़क दो महीने से बंद है। इस सड़क के बंद होने से स्थानीय लोगों को सिलेंडर घर तक पहुंचाने में 500 से 600 रुपये ज्यादा खर्च करने पड़ रहे हैं। जिस से उन्हें सिलेंडर 1700 रूपए तक पड़ रहा है। डीडीहाट-कुणिया और डीडीहाट-हुनेरा रोड जून से बंद है। दो महीने पूरे होने को हैं लेकिन अब तक इस सड़क को खोला नहीं जा सका है। पहले आदिचौरा तक वाहन सिलेंडर छोड़ जाते थे।लेकिन अब आदिचौरा मार्ग भी खराब हाल में है जिस कारण यहां तक भी सिलेंडर नहीं पहुंच पा रहा है। जिस कारण कुणिया, हुनेरा सहित कई गांवों में सिलेंडर को घर तक लाने में 500 से 600 ज्यादा देने पड़ रहे हैं। सीमांत जिसे की डीडीहाट-देवीसूना-कौली-गराली सड़क भी जून के महीने से ही बंद है। जिसके कारण कौली और गराली जाने वाले सभी लोगों को जौलजीबी से बलमरा के रास्ते होकर गांव पहुंचना पड़ रहा है। लोग 50 किमी की दूरी तय कर डीडीहाट पहुंच रहे हैं। जबकि पहले 25 किमी की यात्रा से ही डीडीहाट पहुंच जाते थे। दूरी बढ़ने के कारण सिलेंडर के साथ ही जरूरी सामान भी लोगों को घर तक पहुंचाना मंहगा पड़ रहा है।

## राजकीय शिक्षक संघ की गोष्ठी में नयी शिक्षा नीति पर हुई चर्चा

रामनगर (उद संवाददाता)।राजकीय शिक्षक संघ रामनगर ईकाई द्वारा वर्तमान समय में शिक्षा में हो रहे नये परिवर्तनों, क्रियाकलापों/गतिविधियों पर एक शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन राजकीय अटल उत्कृष्ट बालिका विद्यालय रामनगर में किया गया जिसमे ब्लॉक के सभी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी मे नवनिर्वाचित प्रान्तीय संयुक्त मंत्री जगदीश बिष्ट का स्वागत भी किया गया।पूर्व मण्डलीय मंत्री नवेन्दु मठ्पाल द्वारा नयी शिक्षा नीति और आने वाली चुनौतियों के बारे मे विस्तार से बातचीत रखी गई।उन्होंने कहा हमें शिक्षा के निजीकरण के खिलाफ एकजुट होना होगा।श्री मृत्युजय द्वारा अंक विभाजन मासिक परीक्षा के बारे मे बातचीत




रखी गई। जगदीश बिष्ट ने प्रान्तीय स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु हो रहे प्रयास के बारे मे विस्तृत चर्चा की । उन्होंने कहा किसी भी शिक्षक का अहित नहीं होने दिया जाएगा।संचालन ब्लाक उदजप अनिल कडाकोटी और बैठक की अध्यक्षता संजीव कुमार द्वारा की गयी। बैठक मे पूर्व जनपद अध्यक्ष गोकुल मर्तोलिया नैनीताल,अजय धस्माना, डा नंदन बिष्ट,अनिल ध्यानी,शैलेंद सिंह अशेष अग्रवाल बालकृष्ण,सविता,कुलाश्री , किरन ,यशोदा ,भारती बिष्ट,बालकृष्ण चंद, भावना,प्रेमा, शिव सिंह, सुरेन्द्र पटवाल ,रमेश सत्यवली,जितेंद्र कुमार, नेमपाल सिंह ,यतिन्द्र जोशी,कौशिक मिश्रा ,खेम सिंह रजवार आदि कई शिक्षक मौजूद थे।

## आईडीपीएल ऋषिकेश के पूर्व कर्मचारियों के आवास ध्वस्त करने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

नैनीताल(उद संवाददाता)। हाईकोर्ट ने आईडीपीएल ऋषिकेश के पूर्व कर्मचारियों के आवासों को ध्वस्त करने के राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत ने सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। गुलशन भनोट व आईडीपीएल के कुछ पूर्व कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार के 19 जुलाई 2023 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें आईडीपीएल के कर्मचारियों के आवासों को ध्वस्त करने की सूचना दी गई थी। याचिका में कहा गया कि उन्हें आईडीपीएल की ओर से मकान आवंटित किए गए थे। कंपनी पर अभी भी कई कर्मचारियों के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना भुगतान सहित वित्तीय देनदारी है। याचिका में कहा गया कि भले ही जमीन पर आईडीपीएल का पट्टा समाप्त हो गया हो लेकिन कंपनी के कर्मचारियों को बुलडोजर का उपयोग करके बलपूर्वक बेदखल नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार या वन विभाग, जिन्होंने ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया है, उन्होंने कानून की उचित प्रक्रिया नहीं अपनाई है। कोर्ट ने ध्वस्तीकरण के आदेश पर रोक लगाते हुए सरकार को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

# वासना से ही शरीर का जन्म,फिर वासना गलत कैसे

हम जिस प्रकिया से दुनिया में आए हैं, वो प्रक्रिया कैसे गलत हो सकती है क्योंकि हम ही गलत नहीं हैं। शरीर आता है काम और वासना के माध्यम से दुनिया में ?ष्तो पूछने वालों का मानना है कि हम शरीर हैं, और हम दुनिया में आए हैं, बहुत शुभ काम हुआ है, और दुनिया में हमें लाने का काम वासना ने किया है, तो वासना के विरुद्ध फिर सावधान रहने की जरूरत क्या है? पहली बात तो ये है कि आप शरीर हैं - यही आपका मूल कष्ट है। दूसरी बात - जब तक आप अपने-



आपको जानते नहीं हैं, अपने-आपको और बाकी सब लोगों को शरीर ही मानते रहते हैं, तबतक आपके लिए सबसे बड़ी बात, सबसे शुभ घटना यही होती है कि किसी जीव का शारीरिक-आगमन हो जाए। आपको यही बहुत बड़ी बात लगती है,। लेकिन जो समझदार हो जाता है, उसके लिए शुभ बात या बड़ी बात ये नहीं होती कि शारीरिक रूप से दुनिया में आ गए। उसके लिए बड़ी बात ये होती है कि मानसिक रूप से दुनिया से प्रस्थान कर गए। जो लोग इस बात की खुशी मनाते हैं कि उनका शरीर इस दुनिया में आ गया, वो शरीर ही बनकर लगातार मौत जैसे कष्ट भोगते हैं। जो शरीर के जन्म की खुशी मनाते हैं, वो शरीर ही बनकर जन्म पर्यन्त मृत्यु-तुल्य कष्ट भोगते हैं। और जो समझ जाते हैं कि अपने- आपको शरीर समझना भूल है, वो फिर आने की खुशी नहीं मनाते, वो जाने की साधना करते हैं। अध्यात्म आने का नाम नहीं है; अध्यात्म एक अंतिम विदाई का नाम है। सांसारिक आदमी या देहाभिमानी आदमी इसी चक्कर में लगा रहता है कि वो और आए, और आए, इसी को तो जन्म-मरण का चक्र कहते हैं ? प्रकृति आपसे चाहती ही यही है कि आप अपनी प्रजाति के और -नमूनें पैदा करते जाएँ। आप जिस भी प्रजाति के हों, प्रकृति की आपसे अपेक्षा ये रहती है कि आप अपनी प्रजाति के ही और सदस्य पैदा करते जाएँगे। अध्यात्म बिलकुल अलग आयाम की बात करता है। वो कहता है ये आने-जाने का कार्यक्रम तो तुम्हारा बहुत चलता रहा, तुम्हारा आना भी झूठा, तुम्हारा जाना भी झूठा। तुम आते हो जाने के लिए, तुम जाते हो आने के लिए। इस चक्र से ही तुम्हें बाहर आना है। ये आने-जाने का पूरा चक्र ही गड़बड़ है । अध्यात्म में अगर कोई चीज खुशी मनाने लायक होती है, तो वो होती है मोक्ष, मुक्ति, प्रस्थान; आगमन नहीं। तो तुम अपनी मूल-धारणा को देखो, तुम्हारी मूल-धारणा ही गलत है। चूँकि तुम अपनी मूल-धारणा को पकड़े हुए हो, इसीलिए तुम्हें कामवासना बड़ी शुभ बात लगती है। तुम कहते हो शरीर का इस दुनिया में आना शुभ है तो फिर कामवासना भी तो अच्छी बात हुई। शरीर का इस दुनिया में आना ही कोई शुभ बात नहीं है। ये बात बहुत लोगों के गले ही नहीं उतरेगी, क्योंकि हम तो अभ्यस्त हैं बच्चे के जन्म पर उल्लास और उत्सव करने के लिए। सबसे बड़ी खुशी की बात यही होती है , घर में नया बच्चा आ गया। आपके पास सबकुछ हो, आपके घर में बच्चा ना हो, आपको चौन नहीं पड़ता। प्रकृति भी यही चाहती है, और समाज भी यही चाहता है। लेकिन अध्यात्म की दृष्टि से ये बिलकुल कोई बहुत प्रसन्नता-हर्ष की बात नहीं है कि आप पैदा हो गए, बिलकुल भी नहीं। सच्ची दृष्टि से हर्ष की बात ये होती है कि अब आप दोबारा पैदा ना हों; आपकी आखिरी विदाई हो गई, निर्वाण हो गया आपका, अब आपको लौटकर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी, अब आप फँसेंगे नहीं इसी कष्ट के चक्र में। जो जितना अपने-आपको शरीर मानेगा, वो उतना ज्यादा कामवासना को ही पूजेगा; बिलकुल सही बात है, क्योंकि शरीर आता ही कहाँ से है? कामवासना से, और अगर आप शरीर बन गए, तो फिर आपके लिए सबसे पूजनीय कामवासना हो ही जाएगी, आप जिंदगी भर यही करते रहोगे। और कामवासना का मतलब इतना ही नहीं होता है कि आप पुरुष हैं तो आपको स्त्री का शरीर चाहिए, आप स्त्री हैं तो आपको पुरुष का शरीर चाहिए, या आपको संतानें पैदा करनी हैं। कामवासना का अर्थ होता है - पदार्थ के प्रति बड़े सम्मान का, बड़े आदर का, बड़ी आस्था का रवैय्या रखना। पदार्थ को, मटेरियल को ही आखिरी चीज मान लेना। सोचना कि इसी से तो सबकुछ मिल जाना है, उसी को पूजने लग जाना। वो पदार्थ अपना शरीर भी हो सकता है, किसी और का शरीर भी हो सकता है, उस व्यक्ति को कामुक ही मानिए। इच्छा को ही तो कामना कहते हैं ,कोई ऐसा थोड़े ही है कि यौन-इच्छा को ही कामना कहते हैं, कोई भी इच्छा हो वो कामना ही है, काम। और सारी इच्छाएँ हमारी होती ही किसके प्रति हैं? पदार्थ के प्रति। तो जो अपने-आपको शरीर मानेगा, वो पदार्थ के प्रति ही पागल रहेगा। साँस भी अगर आप ले रहे हैं, तो भी पदार्थ का ही सेवन कर रहे हैं आपके फेफड़ें पदार्थ को आप छोड़ नहीं सकते। लेकिन कामवासना में पागल आदमी की ये पहचान होती है कि वो उम्मीद लगा बैठता है कि पदार्थ से ही उसको आखिरी मुक्ति-तृप्ति-आजादी मिल जाएगी। यहीं पर वो मात खाता है। वो पदार्थ को मुक्ति के माध्यम की तरह नहीं इस्तेमाल करता, वो पदार्थ को ही मुक्ति समझ लेता है। वो ये नहीं सोचता कि गाड़ी हो अगर तो गाड़ी का सही इस्तेमाल करके सही मंजिल तक पहुँचा जा सकता है। वो गाड़ी खरीद लेने में ही मुक्ति समझने लगता है। वो सोचता है कि जीवन का आखिरी शिखर यही है, कि अच्छी-से-अच्छी, महँगी- से-महँगी गाड़ी घर आ जाए। गाड़ी में कोई बुराई नहीं अगर आपको ये पता हो कि उस गाड़ी से जाना कहाँ है। लेकिन अगर आपके लिए सबसे बड़ी बात यही हो गई कि, ष्घर में मैंने महँगी-से-महँगी गाड़ी खड़ी कर लीष, तो फिर आप कामवासना के रोगी हैं। शरीर क्या है? गाड़ी। उस गाड़ी का इस्तेमाल किसको करना है? चेतना को करना है, चेतना को अपनी मंजिल तक पहुँचना है। चेतना को इस शरीर का इस्तेमाल करना है वहाँ पहुँचने के लिए जिसके लिए वो अधीर है। तो आप किसी को देखें, तो शरीर तो उसका दिखाई देना ही है, उसमें कोई अपराध नहीं हो गया। बात ये है लेकिन कि क्या आप उसको सिर्फ शरीर की तरह ही देख रहे हैं? कामवासना का रोगी वो है जो जब किसी को देखता है तो उसको सिर्फ- और-सिर्फ शरीर दिखाई देता है। इसका मतलब ये नहीं है कि जो स्वस्थ व्यक्ति होगा या जो आध्यात्मिक व्यक्ति होगा, उसको शरीर नहीं दिखाई पड़ेगा, शरीर तो उसको भी दिखाई पड़ेगा, लेकिन उसे शरीर किसकी तरह दिखाई पड़ेगा? गाड़ी की तरह। जैसे आपके घर में कोई मेहमान आए, गाड़ी में बैठकर के आए, और आप ऐसे पागल निकलें कि उसकी गाड़ी को ही देखते रह जाएँ, गाड़ी के अंदर कौन बैठा है उसको देखें ही नहीं तो ये कितनी होशियारी की बात हुई? अपने-आपको अगर हम शरीर ही मानते हैं तो फिर हम इस तरीके के सवाल पूछा करते हैं कि अरे, जिस कामवासना से ही ये पूरी मनुष्य-प्रजाति उत्पन्न हुई है, अध्यात्म क्यों उसके विरुद्ध सावधान रहने को कहता है? मनुष्य प्रजाति नहीं पैदा हुई है कामवासना से, कामवासना से मनुष्य की चेतना नहीं पैदा हुई है, कामवासना से आत्मा नहीं पैदा हुई है, कामवासना से सिर्फ-और-सिर्फ शरीर पैदा हुआ है। आदमी-औरत मिलकर के देह के माध्यम से आत्मा नहीं पैदा कर सकते, शरीर पैदा कर सकते हैं, और शरीर पैदा कर सकते हैं तो उसमें कौन-सा बड़ा काम कर लिया? माँस और माँस मिले और माँस पैदा कर दिया, कौन-सा तीर चला दिया? कौन-सा पहाड़ ढहा दिया? कौन-सा पदक मिलना चाहिए? असली चीज क्या है? गाड़ी, या गाड़ी के अंदर जो बैठा है? अगर हम सिर्फ शरीर होते, तो निश्चित रूप से हम कामवासना की पैदाइश होते पर हम सिर्फ शरीर नहीं हैं। शरीर तो हमारी हस्ती का बहुत बाहरी छिलका है। शरीर हमारी हस्ती का एक बहुत बाहरी छिलका-भर है। हम वास्तव में जो हैं, वो चीज कामवासना की पैदाइश नहीं है, बल्कि ये जरूर होता है कि अगर आप अपने-आपको कामवासना की पैदाइश समझने लग जाते हो, तो आप वास्तव में जो हो उसको पूरे तरीके से भूल जाते हो।

**आचार्य प्रशान्त**
**लेखक, वेदांत मर्मज्ञ,**
**पूर्व सिविल सेवा अधिकारी**

# स्वरोजगार में महिलाएं भी नहीं रही पीछे: सुषमा

## समाजसेविका सुषमा अग्रवाल ने किया जनोबिया प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल महासभा की प्रदेश अध्यक्षा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी समाजसेविका सुषमा अग्रवाल ने आज जनोबिया इवेंट की संचालिका श्रृंखला मिगलानी, यथार्थ पाहवा व सांची पाहवा द्वारा काशीपुर मार्ग पर स्थित एक होटल में विभिन्न दैनिक उपयोगी वस्तुओं की आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज मातृ शक्ति पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर हर क्षेत्र में निरंतर अपनी विशेष पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि घर के साथ ही अब घर के बाहर भी हर क्षेत्र में मातृशक्ति की भागीदारी इसका जीता जागता प्रमाण है। पूर्व में देश की ही प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला भारत का नाम विश्व में गौरवांवित कर चुकी है। इतना ही नहीं देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई महत्वपूर्ण पदों की भी सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन कर चुकी हैं। श्रीमती सुषमा ने आयोजित प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से स्वरोजगार से जुड़ी महिलाएं प्रोत्साहित होती हैं वहीं लोगों को एक ही छत के नीचे उच्च गुणवत्ता व उचित मूल्यों पर दैनिक उपयोग का भी सामान उपलब्ध हो जाता है। उन्होंने प्रदर्शनी की अयोजिका श्रृंखला मिगलानी, यथार्थ पाहवा तथा सांची पाहवा को बधाई देते हुए कहा कि प्रदर्शनी की सराहना की। सुषमा ने आयोजित प्रदर्शनी में लगाए गए सभी स्टालों पर जाकर प्रदर्शित की गई विभिन्न वस्तुओं को देखा और कई सामान की खरीददारी भी की। जनोबिया इवेंट की श्रृंखला मिगलानी, यथार्थ पाहवा व सांची पाहवा ने बताया कि प्रदर्शनी में रेडिमेड क्लॉथ, फुटवेयर, हैंड बैग, ज्वैलरी, हैंड मेड प्रोडक्ट्स, चिल्ड्रेन आइटम, राखी, कॉस्मेटिक, गेम्स आदि के स्टॉल लगाए गए हैं। इस दौरान रोजी पाहवा, प्रीति पाहवा, विजय अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, सलोनी अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



# फैक्ट्री में काम करता श्रमिक झुलसा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कार्य के दौरान अचानक ब्वायलर से तेज गति से स्टीम निकलने से उसकी चपेट में आने से एक श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी निवासी मूल निवासी ग्राम कपड़ा सिनौली, अल्मोड़ा 24 वर्षीय संजय सिंह पुत्र गंगा सिंह यहां सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में ठेकेदार के अधीन काम करता है। बताया जाता है कि आज वह रोज की तरह फैक्ट्री के बॉयलर में काम कर रहा था इसी दौरान अचानक उसमें से तेजी से स्टीम निकलने गली। जिस पर खुद को बचाने के प्रयास में उसका एक हाथ गंभीर रूप से झुलस गया।

# दो फरार वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर (उद संवाददाता)। गाली गलौज बलवा मारपीट व धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला कटरा मालियान निवासी विनोद पुत्र मदनलाल धोखाधड़ी के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा है। न्यायालय में समय पर हाजिर न होने के कारण कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी किए गए। इसी तरह गाली गलौज मारपीट बलवा को जान से मारने की धमकी देने के एक अन्य मामले में पुलिस ने वांछित चल रहे मदर कॉलोनी महेशपुरा निवासी शाहरुख पुत्र शमसुद्दीन को सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद दोनों ही वांछित वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए छह बच्चों का चयन

नानकमत्ता (उद संवददाता)। विकासखंड स्तरीय मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति खेल चयन प्रतियोगिता का आयोजन श्री गुरु नानक एकेडमी के कीड़ा मैदान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, गुरुनानक अकैडमी नानक मत्ता के मैनेजिंग डायरेक्टर वायला रैना एवं प्रधानाचार्य डॉ मीनाक्षी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन खिलानंद अटवाल, प्रधानाध्यापक पंकज राय द्वारा किया गया। मंच पर बैठे अतिथियों का बैच लगाकर सम्मानित किया। जसौद मेहता सीआरसी समन्वयक द्वारा प्रतिभागी बच्चों को खेल भावना से खेलने और निर्णायक शिक्षकों को पारदर्शिता के साथ निर्णय देने हेतु निर्देशित किया। बालिका वर्ग के खेल प्रतियोगिताएं 27 जुलाई को कराए जाएंगे। ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार ने बताया कि छात्रवृत्ति चयन हेतु 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिसमें मेडिसिन बॉल थ्रो, फारवर्ड बैंड रीच, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, 30 मीटर फ्लाइंग रन, 6 गुणा 10 शटल रन प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। समस्त आयु वर्ग में जिले हेतु 6 बच्चों का चयन किया गया। जिला स्तर पर चयन होने पर 150 बालक एवं 150 बालिकाओं का छात्रवृत्ति हेतु चयन किया जाएगा जिन्हें प्रतिमाह 1500 छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह राणा, सुरेश बाबू राणा, दिनेश चौहान, निमाई चंद्र माझी, रामजन्म चौहान, अवधेश कुमार, हिमांचल कुमार, विजेंद्र बिहारी, श्री पुष्पेंद्र कटियार, वीरेंद्र सिंह, हिमाचल कुमार, लीला रौतेला, नरेश सिंह राणा, किशोर डांगी, शिवचरण, नवीन शर्मा, फकीर सिंह, रमाकांत आचार्य, सुरजीत सिंह, सुनील कुमार, सुखवंत सिंह, नीरज रानी, राधे सिंह नवीन चंद्र पांडे, लीला रौतेला, नीलम रानी कपिल राणा, विकास सिंह मेहता, ललित जोशी, सूरज सक्सेना आदि उपस्थित थे।



# हक मालिकाना नहीं बल्कि हुआ कातिलाना: खेड़ा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम भूरारानी के पार्षद मोहनखेड़ा ने कहा कि जिस फरेब को मेयर रामपाल शहर की जनता को बता रहे हैं कि नजूल लोगों का उनको मालिकाना हक मिल चुका है तो यह उनको मालिकाना हक नहीं बल्कि उनका कातिलाना हक है। जारी बयान में मोहनखेड़ा में कहा कि पिछले 56 माह से वह मेयर की कुर्सी पर ना बैठने का ढोंग करते रहे और इसका जवाब यह देते थे कि जब तक रुद्रपुर में लोगों को नजूल भूमि पर मालिकाना हक नहीं मिल जाएगा। तब तक वह मेयर की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे और गत दिनों जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नगर निगम में एक कार्यक्रम में पहुंचे तो तत्काल मेयर रामपाल अपनी आंख में आंसू समेट कर यूं ढोंग करने लगे कि मानो यह कुर्सी उनकी अथाह



जिम्मेदारियों और समर्पण के बाद मिली है। लेकिन यह जिम्मेदारी और समर्पण रुद्रपुर की जनता को कहीं भी नजर नहीं आ रहा। ऐसे में रामपाल सिर्फ और सिर्फ शहर की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। वह जानते हैं कि उनका कार्यकाल मात्र कुछ माह का बचा है, ऐसे में आंखों में आंसू और दिल में गुबार लिए वह बहुत जल्द नगर निगम से विदा होने की तैयारी में लग चुके हैं। पार्षद खेड़ा ने कहा कि अब भाजपा भी अच्छे तरीके से समझ चुकी है कि मेयर रामपाल ने कांग्रेसियों साथ तो ही दोहरा व्यवहार किया, ओर उससे ज्यादा भाजपा के पार्षदों को भी कहीं ना कहीं चोट पहुंचाई है। इसलिए मेयर रामपाल रो-रो कर अपना दर्द बाहर निकाल रहे हैं। उन्होंने जो पिछले साढे चार वर्षों में पाप किए थे अब उन का घड़ा भर चुका है।

# दीपदान कर बहादुर जवानों को दी श्रद्धांजलि

देहरादून (उद संवाददाता)। शिव सेना द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गांधी पार्क जाकर शहीद स्थल पर दीपदान करके बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिव सेना पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए शिवसेना उत्तराखंड प्रमुख गौरव कुमार ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना एवं उसके जवानों की बहादुरी को नत मस्तक है, पूरा हिंदुस्तान युद्ध के नायकों की बहादुरी, वीरता एवं बलिदान को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। कारगिल युद्ध मैं भारतीय सैनिकों ने अपने अद्भुत शौर्य और वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान के सैकड़ों सैनिकों को धूल चटाते हुए मार गिराया था। शिव सेना उपप्रमुख पंकज तायल ने सभी साथियों को कहा कि आज हम अपने सैनिकों के बलिदान को कभी नहीं भूलने की प्रतिज्ञा लेते हैं, हम शहीदों के परिजनों की सहायता के लिए हमेशा प्रेरित रहने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर जिला उप प्रमुख शिवम गोयल, जिला महासचिव विकास मल्होत्रा, रोहित बेदी, रवीश नेगी, अमित डिमरी, सुरेंद्र पुंडीर, जितेंद्र नरवाल, पुलकित, अक्षय महेंद्रू, मनमोहन साहनी, विजय गुलाटी, सोनू पासवान, विकास सिंह, अभिनव बेदी, मोहित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# सखी सहेली ग्रुप ने धूमधाम से मनाया तीजोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सखी सहेली ग्रुप द्वारा तीजोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही गेम्स आदि आयोजित किए गए। ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती मंजू वार्ष्णेय ने बताया कि हरियाली तीज हम सभी सुहागन के लिए शुभ संदेश लाती है। इसी दिन शिव जी ने पार्वती जी को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। कार्यक्रम में अनेक तरह के गेम्स व हंसते गाते धूम मचाते तरह-तरह के नृत्य करते हुए डांडिया भी किया गया। सावन क्वीन प्रतियोगिता में आशु राठौर प्रथम, प्रियंका वार्ष्णेय द्वितीय तथा मन्ना परगाई तृतीय रही। महामंत्री सुमन वार्ष्णेय और कोषाध्यक्ष खुशबू जायसवाल ने कहा कि हम सब इसी तरह मिलकर हमेशा कार्य करते रहेंगे। सभी को पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन तृप्ति वार्ष्णेय ने किया। कार्यक्रम में संरक्षिका शकुंतला वार्ष्णेय, सुचित्रा जायसवाल, आशा भट्ट, ममता भट्ट और ग्रुप की सभी सखियाँ उपस्थित रही। सभी महिलाओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।



# वन भूमि और सड़कों के किनारे से अतिक्रमण हटाने के आदेश

नैनीताल। हाईकोर्ट ने पूरे प्रदेश में राजमार्गों और सड़कों के किनारों से सरकारी और वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। अदालत ने सभी जिलाधिकारियों (डीएम) और प्रभागीय वनाधिकारियों (डीएफओ) को क्रियान्वयन की रिपोर्ट चार सप्ताह के भीतर कोर्ट में पेश करने के लिए कहा है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। नैनीताल जिले के पदमपुरी और खुटानी में सड़क किनारे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर प्रभात गांधी ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र लिखा था। हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए इस पत्र पर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। पत्र में कहा गया था कि पदमपुरी और खुटानी में राजमार्ग के किनारे सरकारी और वन भूमि पर अतिक्रमण कर दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाए गए हैं। यहां तक कि मंदिर भी बनाए गए हैं। कोर्ट ने नैनीताल की डीएम वंदना समेत सभी डीएम और डीएफओ को जांच के साथ ही अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने अनुपालन रिपोर्ट चार सप्ताह में देने के लिए कहा। कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त करवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
05944-246817

# विधायक बेहड़ ने रामलीला मंच तथा विद्यालय फर्श का किया लोकार्पण

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपनी विधायक निधि से निर्मित कराये गये दो कार्य जो लगभग 10 लाख रूपये की लागत से बनकर तैयार किये गये हैं का नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। बुधवार को बेहड़ ग्राम आनंदपुर पहुंचे जहां उन्होंने विधायक निधि से 5 लाख की लागत से प्राथमिक विद्यालय के फर्श का लोकार्पण किया। इसी बीच सभी ग्रामीणों तथा प्राथमिक विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा उनका स्वागत किया तथा आभार जताया। इस मौके पर विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा शिक्षा पर सभी को अधिकार है हर गरीब से गरीब बच्चे को भी शिक्षा दी जानी चाहिए सरकारों का उद्देश्य होता है तथा में अपनी विधानसभा किच्छा में शिक्षा के प्रति काफी गंभीर हूँ। इसी क्रम में शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से भी मुलाकात कर किच्छा विधानसभा के 13 स्कूलों के उच्चीकरण किये जाने की मांग की हैं और जल्द ही शिक्षा संबंधित और भी प्रस्ताव में सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने वाला हूँ। इसके पश्चात विधायक तिलकराज बेहड़ ग्राम तुर्कागौरी पहुंचे और उन्होंने लगभग पांच लाख की लागत से विधायक निधि से निर्मित कराए गए



रामलीला मंच के लेंटर का उद्घाटन किया उन्होंने बताया कि ग्राम तुर्कागोरी में काफी वर्षों से रामलीला की जाती है किन्तु रामलीला का मंचन टीन शेड का था तथा ग्रामीणों की मांग पर टीन शेड के स्थान पर पक्का लेंटर डाला गया है । भगवान राम हमारे आराध्य तथा पूजनीय है,बेहड़ ने कहा की वे स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें रामलीला शेड बनाने की सेवा का मौका मिला। इस मौके पर किच्छा कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, स्कूल प्रधानाचार्य हेम जोशी ,किन्नू शुक्ला, अशोक, राजेश प्रताप सिंह, मेजर सिंह,प्रेम आर्य ,राजकुमार पाण्डेय ,इजब मेम्बर महेश यादव,आशा देवी ग्राम प्रधान तुर्कीगोरी, सत्यवती गंगवार उपप्रधान,उमेश चंद, वीरेश्वर सिंह, प्रवेश गंगवार, मोरपाल,मुन्ना लाल गुप्ता,मुन्ना चौबे,नरेंद्र सिंह, शिवाजी गुप्ता, रामप्रवेश राय, नारायण गुड्डू ,प्रदीप सिंह, अनिल कुमार,अरुण सिंह , हरदयाल ,लियाकत ,अशरफ, देविदास शर्मा ,लल्लन माजी ,रामब्रक्ष यादव आदि लोग उपस्थित रहे।


KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध

Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें



श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक–30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्वालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे–7248133444,8476003072


# काव्य अरोरा का विश्व एमएमए प्रतियोगिता के लिए चयन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास निवासी राष्ट्रीय एम.एम.ए. चैंपियन काव्य अरोरा का चयन अबुधाबी में होने वाली यूथ वर्ल्ड एम.एम.ए. चैंपियनशिप के लिए भारतीय एम.एम.ए. टीम में हो गया हैं। काव्य अरोरा के कोच लक्ष्मण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि काव्य अरोरा ने वर्ष 2022 को मध्य प्रदेश के नीमच में हुई 5वी राष्ट्रीय एम.एम.ए. प्रतियोगिता में रजत व 18 से 22 मई 2023 को लखनऊ में हुई 6वीं राष्ट्रीय एम.एम.ए. प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित किये थे। काव्य के श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स इण्डिया के द्वारा 2 अगस्त से 5 अगस्त 2023 को अबुधाबी में होने वाली यूथ वर्ल्ड एम.एम.ए. चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयनित किया हैं। इस प्रतियोगिता में विश्व के लगभग 80 देशों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। कोच लक्ष्मण ने बताया कि काव्य पिछले 3 वर्षो से उनसे प्रशिक्षण ले रहा हैं तथा काव्य उत्तराखण्ड राज्य का पहला एम.एम.ए. खिलाड़ी हैं, जो एमएमए विश्व प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगा, काव्य ने 2 वर्षों से लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड राज्य के लिए पदक अर्जित किये हैं और काव्य विश्व प्रतियोगिता में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। काव्य के भारतीय टीम में चयनित होने पर मिक्स्ड मार्शल आट्र्स उत्तराखण्ड के अध्यक्ष हिमांशु गावा, उपाध्यक्ष उपेंद्र पाल व काव्य के मातापिता व परिवार एवं नैन्सी सागर, योगेश चन्द्र पोखरिया, गगनप्रीत सिंह, करन मण्डल, अर्जुन मण्डल, प्रांजल गिरी, सुमन बोहरा, नीलम मेहरा आदि ने बधाई दी तथा उज्वल भविष्य की कामना की है।



# कारगिल दिवस पर पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कारगिल विजय के अवसर पर अपने कार्यालय कारगिल शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये और कार्यालय में आमंत्रित पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। भाजपा प्रदेश मंत्री ने भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके सेवा निवृत्त कैप्टन हीरा सिंह भण्डारी, प्रकाश सिंह देउपा, सूबेदार सुरेश आर्या, गोपाल सिंह, नायक मनोज कुमार, मोहन सिंह बोहरा आदि जवानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए लगभग दो महीने की लड़ाई में पाकिस्तानी सैनिकों को खदेड़ कर चोटियों पर तिरंगा फहराया था, जिसमें पांच सौ से भी सपूतों ने अपने प्राणों की आहूति दे दी थी। कारगिल विजय भारतीय सेना के शौर्य का प्रतीक है। कारगिल विजय दिवस करोड़ों देशवासियों के सम्मान के विजय का दिन है। यह सभी पराक्रमी योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिन है, जिन्होंने आसमान से भी ऊंचे हौसले और पर्वत जैसे फौलादी दृढ़ निश्चय से अपनी मातृभूमि के कण–कण की रक्षा की। भारत माता के वीर सपूतों ने अपने त्याग और बलिदान से न सिर्फ भारत माता की आन, बान और शान को सर्वोच्च रखा बल्कि अपनी विजित परंपराओं को भी जीवंत रखा। भारतीय जवानों के जोश और जुनून के आगे पाकिस्तानी सेना ने घुटने टेक दिए थे। श्री शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारी सेना और अधिक सक्षम, सशक्त व आधुनिक हुई है। हमारी सरकार पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के प्रति




गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES

AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682, चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666, पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084, रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# चुघ ने डीएम से भेंट कर रखीं जन समस्याएें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने जनपद के नव नियुक्त जिलाधिकारी उदय राज सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर उनसे महानगर की प्रमुख जन समस्याओं चर्चा करते हुए इनका जनहित में शीघ्र समाधान कराने का आग्रह किया। श्री चुघ ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद मुख्यालय में पिछले कई दशकों से ड्रेनेज व्यवस्था सुचारु न होने के कारण लाखों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किच्छा मार्ग पर पिछले कई वर्षों से कूढ़े का ढेर जमा होने के कारण जहां स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही इस मार्ग से आने वाले राज्य से बाहरी लोगों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कूढ़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध से कई संक्रामक बीमारियां फैल रही है। हालांकि प्रदेश सरकार के सहयोग से नगर निगम द्वारा इस समस्या के समाधान के कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही जिला प्रशासन का भी इसमें सहयोग अपेक्षित है। श्री चुघ ने कहा कि नगर के मुख्य मार्गो की दोनों सर्विस लेन न होने के कारण लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किच्छा मार्ग, काशीपुर मार्ग, नैनीताल मार्ग, बिलासपुर मार्ग, किच्छा बाईपास मार्ग व काशीपुर बाईपास मार्ग में सड़क के दोनों ओर सर्विस लेन का निर्माण करना जनहित में होगा। इससे



मार्ग दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लग सकेगा। उन्होंने कहा कि महानगर में सीवर लाइन बिछाने के लिए काफी समय से प्रयास किए जा रहे हैं। परंतु यह योजना पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर पा रही है। इसके लिए प्रशासन स्तर पर आम जनता को सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि रामनगर में आयोजित हुए जी 20 सम्मेलन के दौरान मुख्य मार्गों के दोनों ओर जिन व्यापारियों के प्रतिष्ठान हटाए गए थे। उनके पुर्नवास के लिए स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना आवश्यक है। ताकि व्यापारी अपना रोजगार पुनः स्थापित कर परिवार का भरण पोषण बेहतर ढंग से कर सकें। जिलाधिकारी ने श्री चुघ को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उक्त सभी जन समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से बैठक कर आवश्यक निर्देश देंगे।

# फर्जी नाम से चल रहे निजी अस्पताल को किया सील

गदरपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज रोड स्थित प्राईवेट अस्पताल के दस्तावेज पूर्ण न होने पर सीएमओ के दिशा निर्देश सामुदायिक अस्पताल के प्रभारी चिकित्साधिकारी की संयुक्त टीम ने अस्पताल को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार गुलरभोज रोड स्थित प्राइवेट अस्पताल गतिमान अस्पताल के नाम से कई दिनों संचालित हो रहा है। बताया जाता है कि इस अस्पताल के संबंध में एक चिकित्सक हरियाणा निवासी संदीप कुमार द्वारा सीएमओ को शिकायत की गयी थी कि मेरे नाम का गदरपुर में गतिमान अस्पताल में दुरुपयोग हो रहा है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ के दिशा निर्देश पर बुधवार सायं को सामुदायिक प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. सजीव कुमार शर्मा, डा. राजीव चौहान, डा. विकास सचान, नायब तहसीलदार देवेन्द्र बिष्ट, कानूनगो गरीब सिंह राणा, लेखपाल सतपाल बाबू की संयुक्त टीम पुलिस में एसआई कुसुम रावत, राजेन्द्र कुमार द्वारा अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल संचालित कर रहे कर्मचारी से अस्पताल संबंधी दस्तावेज तलब किये। कर्मचारियों द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत किये जिसमें संचालित अस्पताल का पंजीकृत नंबर नहीं था। जिसे प्रभारी चिकित्साधिकारी ने अस्पताल को अवैधानिक बताते हुए सीज कर दिया। उधर इस संबंध में अस्पताल संचालिका निशा ने बताया कि हमारे द्वारा अस्पताल के रजिस्ट्रेशन नंबर के लिए आवेदन किया गया था एक दो दिन में नंबर आने वाला था। अभी हमारे द्वारा अस्पताल को पूर्ण रुप से संचालित ही नहीं किया जा रहा था।




# रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने मनाया स्थापना दिवस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने गुरुवार को दर्जनों पौधे रोप कर संस्था का दसवां स्थापना दिवस मनाया ।इस दौरान महिला और बाल कल्याण क्षेत्र में सरहनीय काम कर रही आठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा के सरकारी स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं और महिलाओं को मासिक धर्म के प्रति जागरूक करने और निशुल्क सेनेटरी पेड़ वितरित करने की मुहिम चलाने वाली महिला राइजिंग फाउंडेशन की अध्यक्ष चंद्र कला राय,पिंकी तिवारी,दीपा राय,सुमन मिश्रा,मैरी



उद्देश्य को लेकर शुरू हुए रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन को आज 10 बर्ष पूरे हो गए। इस अवसर पर राइजिंग सदस्यों ने देव होम्स एलाइट में आम,नींबू,रात की रानी,गुलमोहर, नीम आदि विभिन्न प्रजातियों के दर्जनों पौधे रोप कर स्थापना दिवस मनाया।वरिष्ठ नागरिक चंद्र बल्लभ घिल्डियाल और राज गगनेजा ने थापा,प्रिया गौतम, रुनू शर्मा,सोनम सिंह को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। श्री घिल्डियाल ने सामाजिक क्षेत्र में राइजिंग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने फाउंडेशन के कार्यों की चर्चा करते हुए लोगों से आओ पेड़ लगाए अभियान से जुड़ने की अपील की।उन्होंने कहा कि अगर हर व्यक्ति 5 पौधे हर वर्ष लगाएं तो आवश्यकता अनुसार वर्षा भी होगी और लोगों के लिए शुद्ध व स्वच्छ ऑक्सीजन भी उपलब्ध होगी । इस अवसर पर आलोक जैन,राजीव कामरा,सुनील आर्य, मुनिंदर कुमार,ओंकार ढिल्लो,संजय ठुकराल, पी के मौर्य,यतेंद्र कटारा, चंद्रबल्लभ घिलडियाल, सत्य प्रकाश यादव,अरुण कुमार,अजय कुमार सिंह,संजय जोशी, रामू सिंह, संजोग खुराना,बलजीत सिंह गावा,पप्पू मिश्रा,गौतम थापा,महेश कुशवाह,चंद्र कला राय,दीपा राय,सोनम सिंह,सुमन मिश्रा,पिंकी तिवारी, रुनु शर्मा, प्रिया गौतम, मैरी थापा आदि मौजूद थे।

# भाजपा सरकार की योजनाएं जन जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता: मौर्या

खटीमा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के जनसंपर्क आभियान के तहत नौसर मण्डल बूथ नंबर 64 में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता नौसर



मण्डल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्या एवं संचलन नौसर मण्डल महामंत्री मोहन चुफाल ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी रामू भैया मोजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि जनसंपर्क अभियान बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना है। भारतीय जानता पार्टी कैडर आधारित पार्टी है। यहां पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी में पूरा महत्व रखता है। बैठक को सम्बोधित करते हुऐ नौसर मण्डल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्या ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वार बिना किसी भेदभाव के विकास की अपनी योजनाएं लागू कर रही है। समाज का कोई भी वर्ग विकास से वंचित ना रहें। इसी सोच को लेकर भाजपा काम कर रही है। बैठक में खटीमा मण्डल महामंत्री मनोज वाधवा, आईटी प्रभारी भूपेंद्र भूप्पी, राहुल सक्सेना, रमेश सिंह, प्रधान वीरेंद्र सिंह विपिन राणा, दिलीप राना राजा राणा, संजीता देवी, करन सिंह, सूरज सिंह मौजूद रहे।

# मुहर्रम पर अमन शांति के लिए थाने में बुलाई बैठक

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुहर्रम पर्व को लेकर अमन शांति समिति की





बैठक गदरपुर थाना परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने की। बैठक में निर्धारित रूट से ही ताजिये निकालने को कहा। बैठक के ताजियों की ऊंचाई पर भी चर्चा हुई। उन्होंने पर्व को सादगी एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। गड़बड़ी करने वालो से सख्ती से निपटने की चेतावनी दी। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस ने बैठक में शांति पूर्वक मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की सभी लोगों से अपील की। झुके हुए तार हटवाने एवं रास्तों की सफाई कराने की बात कही। साथ ही मेंहदी की रात में विशेष पुलिस सुरक्षा पर जोर दिया गया। इस बैठक में एलआईयू रिजवान खान, एसआई ओमप्रकाश, परमजीत सिंह पम्मा-सभासद वार्ड नं0-5, जुनेद अन्सारी-सभासद वार्ड नं0-1,मनोज गुम्बर-सभासद वार्ड नं-6, पंकज सेतिया-पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष गदरपुर,संजीव झाम, शराफत अली मंसूरी-प्रधान प्रतिनिधि ग्राम झगड़पुरी, रिजवान हुसैन-प्रधान प्रतिनिधि ग्राम मसीत, नवी हुसैन-ग्राम प्रधान महतोष, अशोक छाबड़ा, शरीफ अहमद, शकील एहमद, मौ0 लईक, अतीक अली, अहसान अली, फुरकान अली ग्राम प्रधान रामजीवनपुर आदि सम्मिलित रहे।

# पत्रकार प्रेस परिषद के पवन बने जिलाध्यक्ष

देहरादून (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार को पत्रकार प्रेस परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष की संस्तुति पर हिमांचल प्रदेश के सिरमौर जिले का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अपने मनोनयन पर पवन कुमार ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है उस पर वह पूरी निष्ठा से काम करते हुए सिरमौर जिले में संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। जल्द ही जिला कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। पवन



कुमार के जिलाध्यक्ष बनने पर देहरादून के पत्रकारों के साथ ही कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने भी बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पूर्व सीएम खंडूड़ी से मिले राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (से नि) भुवन चंद्र खंडूड़ी से बसन्त विहार स्थित उनके आवास में मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण भी उपस्थित रहीं।

# विधायक सुमित के निर्देश पर खराब ट्यूबवेल हुआ ठीक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।विधायक सुमित हृदयेश के निर्देश पर जगदम्बा नगर स्थित खराब ट्यूबवेल विभाग द्वारा ठीक कर दिया गया। जगदम्बा नगर डिग्री कॉलेज के पास ट्यूबवेल खराब होने से पिछले तीन दिनों से पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप थी। जिससे यहां की करीब एक लाख से ऊपर जनता परेशान थी। सब लोगों के घरों में इसी ट्यूबल से पानी आता है। जिससे हीरा विहार कॉलोनी, कैनाल रोड, जगदंबा नगर, नवाबी रोड, महिला डिग्री कॉलेज,



ऑफीसर कॉलोनी, डॉक्टर कॉलोनी और अन्य मोहल्लों पर आस पास के लोगों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिसकी शिकायत समाजसेवी हेमंत गोनिया ने विधायक सुमित हृदयेश, सांसद अजय भट्ट, डीएम, सिटी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान से की थी। दो दिन बाद ट्यूबवेल ठीक कर दिया गया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। नवाबी रोड महिला डिग्री कॉलेज के पास सांसद अजय भट्ट का ससुराल भी है। उसके परिजन भी पानी को लेकर परेशान थे। ट्यूबल ठीक होने के बाद जैसे ही पानी आने लगा। लाइट बंद हो गई। क्योंकि इस क्षेत्र में सुबह 9 से 10 बजे तक ही पानी आता है। अधिशासी अभियंता को फोन कर पानी का टैंकर मंगाया गया।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पहाड़ी राज्यों में राजमार्गों की तबाही


पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश प्रकृति और पर्यटन की दृष्टि से खूबसूरत राज्य है।हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष बरसात की वजह से जो हुआ है, उसने न केवल इस राज्य की समूची आबादी को, बल्कि देश के बाकी हिस्सों में भी सबको यह सोचने पर मजबूर किया है कि इसकी वजहें क्या हैं और अब आगे क्या करना है। राज्य में पहाड़ी इलाकों से गुजरने वाली नदियों का पानी इस स्वरूप में दिखा मानो कोई प्रलय हो और उसमें सब कुछ तबाह हो जाएगा।नदियों के विकराल रुख की वजह से हिमाचल प्रदेश में बेतरतीब विकसित हुए व्यावसायिक और रिहाइशी इलाकों में जिस पैमाने पर नुकसान हुआ, उसके समांतर ही बड़े पैमाने पर सड़कों की तबाही के मंजर ने यह बताया है कि अगर प्रकृति की सामान्य गति में बाधा पैदा की जाएगी तो उसके नतीजे क्या हो सकते हैं।अकेले हिमाचल प्रदेश में करीब आठ हजार करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। केंद्र और राज्य सरकार के बीच तालमेल से जरूरत भर राशि की व्यवस्था संभव हो जा सकती है, लेकिन इस बार की बाढ़ और बारिश से जिस पैमाने पर जनजीवन तहस-नहस हुआ, उसे फिर से पटरी पर आने में शायद लंबा वक्त लगे।अन्य पहाड़ी राज्यों की तरह हिमाचल प्रदेश प्रकृति और पर्यटन की दृष्टि से खूबसूरत राज्य रहा है। पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था का एक मुख्य आधार भी है। इस क्रम में पर्यटकों को खींचने वाली अमूमन सभी जगहों पर जिस तरह के निर्माण हुए हैं, रिहाइश से लेकर होटलों और व्यावसायिक परिसरों की शृंखला खड़ी हुई, उसने राज्य की नदियों के सामान्य प्रवाह को बुरी तरह बाधित किया।होटलों और सड़क निर्माण के मामले में सबसे बुनियादी पहलुओं की भी अनदेखी की गई और यह तक ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा गया कि नदी के प्रवाह से कितनी दूरी तक कोई निर्माण नहीं करना चाहिए। नतीजा यह हुआ कि इस बार जब भारी बारिश के पानी का बोझ नदियों पर पड़ा तो उसने मुख्य प्रवाह के आसपास के इलाकों को तबाह किया।खासतौर पर मनाली से मंडी के बीच ब्यास नदी में तेज रफ्तार से आ रहे पानी में कई मकान, वाहन, जानवर और होटल बह गए। राष्ट्रीय राजमार्गों की तबाही से पता चला कि रफ्तार और आवाजाही की सुविधा में इजाफा करने के लिए बनाई गई चार लेन की अच्छी सड़कें दरअसल किस संकट को न्योता दे सकती हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के एक अध्ययन के मुताबिक कुछ साल पहले हिमाचल में एक सौ अठारह हाइड्रो परियोजनाएं चल रही थीं, जिनमें सड़सठ ऐसी जगहों पर हैं, जहां पहाड़ कभी भी खिसक सकते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि विकास वक्त की जरूरत होते हैं। लेकिन अगर इसमें संतुलन का ध्यान नहीं रखा जाता है तो उसके नतीजे क्या सामने आ सकते हैं, हिमाचल की त्रासदी ने यही बताया है। नदियों से अवैज्ञानिक तरीके से खनन, पहाड़ों की सुरक्षित स्तर तक कटाई करके बनाई गई सड़कों को नब्बे डिग्री के कोण पर काटना, बड़ी ढांचागत परियोजनाएं और अनेक गतिविधियों की वजह से पहाड़ों की संरचना में आई आंतरिक कमजोरी, पहाड़ों के सीने को भेद कर सुरंगों के निर्माण आदि का परिणाम ही है कि बारिश के दिनों में भूस्खलन की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। कहा जा सकता है कि व्यापक तबाही का मंजर देखने के बाद अब इसके कारणों की ओर सबका ध्यान जा रहा है। ऐसी आपदाओं से बचाव के लिए व्यापक तंत्र का गठन वक्त का तकाजा है। मगर क्या अब संभलने के क्रम में इससे मिले सबक को याद रखा जाएगा? प्रकृति के साथ रहते हुए मनुष्य ने जीवन-स्थितियों को बेहतर करने के उपाय निकाले। लेकिन मनुष्य की गतिविधियों की वह हद कहां है, जिसमें प्रकृति जीवन देने के बजाय तबाही का जरिया बन जा रही है?

# टिहरी में भूस्खलन होने से चार मकान ढहे, कई मवेशी घायल

टिहरी। बारिश ने प्रदेश के कई जिलों में तबाही मचाई हुई है। टिहरी में मंगलवार देर रात से बारिश का सिलसिला जारी है। वहीं टिहरी के बालगंगा तहसील के कोट गांव में भूस्खलन की खबर सामने आई है। भूस्खलन होने से कोट बूढ़ाकेदार में पहाड़ी से मलबा गिरने से चार मकान ढहने की सूचना मिल रही है।टिहरी में भूस्खलन होने से कोट बूढ़ाकेदार में पहाड़ी से भरभराकर मलबा आ गिरा। हादसे में चार मकान ढहने की सूचना मिल रही है। गनीमत रही घरों में उस समय कोई मौजूद नहीं था। हादसे में पांच मवेशी घायल होने की सूचना सामने आ रही है। घटना की सूचना पाकर राजस्व विभाग और पशु चिकित्सा की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है।

# बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम

अब्दुल कलाम भारत के ग्यारहवें और पहले गैर राजनीतिज्ञ राष्ट्रपति रहे हैं। उन्हें ये पद तकनीकी एवं विज्ञान में विशेष योगदान की वजह से मिला था। वे एक इंजिनियर व् वैज्ञानिक थे, कलाम जी 2002-07 तक भारत के राष्ट्रपति रहे।घ राष्ट्रपति बनने के बाद कलाम जी सभी देशवासियों की नजर में बहुत सम्मानित और निपुण व्यक्ति रहे । कलाम जी ने लगभग चार दशकों तक वैज्ञानिक के रूप में काम किया है, वे बहुत से प्रतिष्ठित संगठन के व्यवस्थापक भी रहे है। इनका पूरा नाम डॉक्टर अवुल पाकिर जैनुल्लाब्दीन अब्दुल कलाम था। डॉ कलाम को किताबें पढ़ने, लिखने, वीणा वादन का बहुत शौक था। कलाम जी का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को धनुषकोडी गांव, रामेश्वरम, तमिलनाडु में मछुआरे परिवार में हुआ था, वे तमिल मुसलमान थे। इनका पूरा नाम डॉक्टर अवुल पाकिर जैनुल्लाब्दीन अब्दुल कलाम है। इनके पिता का नाम जैनुलाब्दीन था। वे एक मध्यम वर्गीय परिवार के थे। इनके पिता अपनी नाव मछुआरों को देकर घर चलाते थे। बालक कलाम को भी अपनी शिक्षा के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा था। वे घर घर अखघ्बार बांटते और उन पैसों से अपने स्कूल की फीस भरते थे। अब्दुल कलामजी ने अपने पिता से अनुशासन, ईमानदारी एवं उदार स्वभाव में रहना सिखा था। इनकी माता जी ईश्वर में असीम श्रद्धा रखने वाली थी। कलाम जी के तीन बड़े भाई व् एक बड़ी बहन थी। वे उन सभी से बहुत करीब रिश्ता रखते थे। अब्दुल कलाम जी की आरंभिक शिक्षा रामेश्वरम एलेमेंट्री स्कूल से हुई थी। 1950 में कलाम जी ने बी एस सी की परीक्षा सेंट जोसेफ कॉलेज से पूरी की। इसके बाद 1954-57 में मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एरोनिटिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया। बचपन में उनका सपना फाइटर पायलेट बनने का था, लेकिन समय के साथ ये सपना बदल गया।1958 में कलाम जी डीटीडी एण्ड पी। में तकनीकी केंद्र में वरिष्ट वैज्ञानिक के रूप कार्य करने लगे। यहाँ रहते हुए ही इन्होंने प्रोटोटाइप होवर क्राफ्ट के लिए तैयार वैज्ञानिक टीम का



## पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जी की पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन

नेतृत्व किया।। करियर की शुरुवात में ही अब्दुल कलामजी ने इंडियन आर्मी के लिए एक स्माल हेलीकाप्टर डिजाईन किया। 1962 में अब्दुल कलामजी रक्षा अनुसन्धान को छोड़ भारत के अन्तरिक्ष अनुसन्धान केन्द्र में कार्य करने लगे। 1962 से 82 के बीच वे इस अनुसन्धान से जुड़े कई पदों पर कार्यरत रहे। 1969 में कलाम जी ईसरो में भारत के पहले एसएलवी 3 (रोहिणी) के समय प्रोजेक्ट हेड बने।। अब्दुल कलाम जी के नेतृत्व में 1980 में रोहिणी को सफलतापूर्वक पृथ्वी के निकट स्थापित कर दिया गया। इनके इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए 1981 में भारत सरकार द्वारा इनको भारत के राष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक पदम् भूषण से सम्मानित किया गया। अब्दुल कलाम जी हमेशा अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता को देते थे उनका कहना था उनकी माता ने ही उन्हें अच्छे-बुरे को समझने की शिक्षा दी। वे कहते थे "पढाई के प्रति मेरे रुझान को देखते हुए मेरी माँ ने मेरे लिये छोटा सा लैम्प खरीदा था, जिससे मैं रात को 11 बजे तक पढ सकता था। माँ ने अगर साथ न दिया होता, तो मैं यहां तक न पहुचता ।1982 में वे फिर से रक्षा अनुसन्धान एवं विकास संगठन के निदेशक बन गए। इनके नेतृत्व में इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम को सफलतापूर्वक शुरू किया गया। अग्नि, प्रथ्वी व् आकाश के प्रक्षेपण में कलाम जी ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सन 1992 में अब्दुल कलामजी रक्षा मंत्री के विज्ञान सलाहकार तथा सुरक्षा शोध और विकास विभाग के सचिव बन गए। वे इस पद में 1999 तक कार्यरत रहे। भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिकों की लिस्ट में इनका नाम शामिल है। सन 1997 में एपीजे अब्दुल कलामजी को विज्ञान एवं भारतीय रक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए भारत के सबसे बड़े सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। सन 2002 में कलाम जी को भारतीय जनता पार्टी समर्थित एनडीए घटक दलों ने राष्ट्रपति के चुनाव के समय अपना उम्मीदवार बनाया था, जिसका सबने समर्थन किया और 18 जुलाई 2002 को एपीजे अब्दुल कलामजी ने राष्ट्रपति पद की शपत ली। कलाम जी कभी भी राजनिति से नहीं जुड़े रहे, फिर भी वे भारत के सर्वोच्य राष्ट्रपति पद पर विराजमान रहे। जीवन में सुख सुविधा की कमी के बावजूद वे किस तरह राष्ट्रपति के पद तक पहुँचे, ये बात हम सभी के लिये प्रेरणास्पद है। आज के बहुत से युवा एपीजे अब्दुल कलामजी को अपना आदर्श मानते है। छोटे से गाँव में जन्म ले कर इतनी ऊचाई तक पहुचना कोई आसान बात नहीं। कैसे अपनी लगन, कड़ी मेहनत और कार्यप्रणाली के बल पर असफलताओं को झेलते हुए, वे आगे बढते गये इस बात से हमे जरुर कुछ सीखना चाहिए।एपीजे अब्दुल कलाम को बच्चों से बहुत अधिक स्नेह था। वे हमेशा अपने देश के युवाओं को अच्छी सीख देते रहे , उनका कहना था युवा चाहे तो पूरा देश बदल सकता है। देश के सभी लोग उन्हें शमिसाइल मैनश के नाम ने संबोधित करते है। डॉ एपीजे कलाम को भारतीय प्रक्षेपास्त्र में पितामह के रूप में भी जाना जाता है। कलाम जी भारत के पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं, जो अविवाहित होने के साथ-साथ वैज्ञानिक पृष्ठभूमि से राजनीति में आए है। राष्ट्रपति बनते ही एपीजे अब्दुल कलाम ने देश के एक नए युग की शुरुवात की है।राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद कलाम जी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी तिरुवनंतपुरम के चांसलर बन गए। साथ ही अन्ना यूनिवर्सिटी के एरोस्पेस इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर बन गए। इसके अलावा उन्हें देश विदेश के बहुत से कॉलेजों में विसिटिंग प्रोफेसर के रूप में बुलाया जाता रहा।

**-सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

# प्रकृति को बचाएँ, एक पौधा अवश्य लगाएं!

विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस प्रथम बार 28 जुलाई 2000 में मनाया गया था और तब से ही हर साल यह 28 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन प्रकृति को लेकर बहुत ही खास होता है। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस इस बात के लिए जागरूक करता है कि एक स्वस्थ पर्यावरण एक स्थिर और स्वस्थ मानव समाज की नींव है। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाने का उद्देश्य उन जानवरों और पेड़ों का संरक्षण करना है जो पृथ्वी के प्राकृतिक पर्यावरण से विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसलिए, प्रकृति को संरक्षित करने की हर शख्स की जिम्मेदारी है। आनेवाली नस्लों के साथ-साथ वर्तमान में सेहत को सुनिश्चित करने के लिए टिकाऊ दुनिया की तरफ काम करने की जरूरत है। धरती को बचाने में संसाधनों के संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रकृति के कई हिस्सों जैसे पानी, हवा, मिट्टी, ऊर्जा, मिनरल्स, वनस्पति, पशु-पक्षियों को संरक्षित




करना परम आवश्यक है। इन संसाधनों का मनुष्यों के साथ-साथ बाकी जीवों के लिए भी महत्व है। प्राकृतिक संसाधनों के अत्याधिक दोहन के कारण मनुष्य को ग्लोबल वार्मिंग, विभिन्न बीमारियों, प्राकृतिक आपदाओं, बढ़े हुए तापमान, बाढ़ आदि के प्रकोप का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या मनुष्य द्वारा प्रकृति संरक्षण के लिए एहम कदम उठाए जा रहे हैं? सरकार द्वारा चलायी गई 'प्रोजेक्ट टाइगर' जैसी योजनाएं काफी कारगर साबित हुई हैं। प्रकृति संरक्षण के लिए स्वयं को प्रकृति के करीब लाना एक कारगर उपाय है। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा उठाये हुए छोटे छोटे कदम जैसे पौधा लगाना, किसी नजदीकी पार्क की सफाई करना, कम्पोस्ट बनाकर घर के बचे हुए खाने से खाद बनाना, बर्ड वाचिंग के लिए वन या पार्क में जाना या प्रकृति संरक्षण संबंधी किसी योजना का हिस्सा बनने से प्रकृति संरक्षण के लिए पूरे समाज में एक अच्छा संदेश जाता है और जागरूकता भी फैलती है। प्रकृति संरक्षण हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी और परमावश्यक है, और इस खास दिवस पर हम सभी को किसी न किसी रूप में इसका हिस्सा बनना चाहिए। हर एक व्यक्ति द्वारा एक एक पौधा लगाने से एक उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जा सकती है।

**-रूपेश अरोरा, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर, रुद्रपुर।**

# सड़कों को खोलने के लिए करें त्वरित कार्रवाई: डा. रावत

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने अल्मोड़ा पहुंचकर कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर लोगों को राहत दिलाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्ट्रेट पहुंचने पर जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु तथा अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया समेत अन्य बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मंत्री धन सिंह रावत का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक के दौरान मंत्री धन सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में विशेष सतर्कता बरतते हुए अवरुद्ध सड़कों को खोलने हेतु त्वरित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस दौरान मंत्री धन सिंह रावत ने निर्देश दिए कि राशन वितरण, विद्युत वितरण, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, गैस आपूर्ति बनाए रखें । उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शुद्ध तथा स्वच्छ पेयजल जनता को अनिवार्य



रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल के प्रयोग से 80 प्रतिशत तक बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। इसलिए उन्होंने बरसती सीजन में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि जनपद के लिए आपदा के दृष्टिगत सरकार ने 20 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं, जिनके माध्यम से मुवावजा, मरम्मत समेत अनेक कार्य किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा के दृष्टिगत अल्मोड़ा के प्रति संवेदनशील है। इस दौरान उन्होंने जनपद में आपदा से हुए नुकसान, तैयारियों तथा सामग्री की उपलब्धता की समीक्षा की। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल द्वारा पीपीटी के माध्यम से मंत्री धन सिंह रावत को जनपद की आपदा संबंधी तैयारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में उन्होंने बताया कि सड़क मार्गों के अवरुद्ध होने पर तथा उनको जल्द से जल्द खोलने हेतु जनपद भर में 60 जेसीबी तैनात की गई हैं, साथ ही सभी तहसीलों में आपदा कंट्रोल बनाए गए हैं। बैठक में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी प्रकरण बैठक में आए हैं तथा जो निर्देश मा0 प्रभारी मंत्री ने आपदा के दृष्टिगत दिए हैं, उनका पालन करना सुनिश्चित करें।

# चमोली के जिला एवं सत्र न्यायाधीश निलंबित

नैनीताल(उद संवाददाता)। हाईकोर्ट ने चमोली के जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय चतुर्वेदी को निलंबित कर जिला न्यायालय चंपावत से सम्बद्ध कर दिया है। चतुर्वेदी पर उनके पद के खिलाफ आचरण करने का आरोप है। उन्हें 14 अप्रैल 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उन पर गवाही के दौरान डायस पर मौजूद नहीं होने का आरोप है। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल अनुज कुमार संगल की ओर से जारी आदेश में कहा है कि धनंजय चतुर्वेदी के कोर्ट में अनुपस्थिति में गवाही हुई और गवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग हुई। न्यायालय की वीडियो क्लिप रिकॉर्डिंग से स्पष्ट रूप से देखा गया। यह वीडियो रिकार्डिंग किसने की, क्यों की, इसका वह सही जवाब नहीं दे सके। इस मामले में हाईकोर्ट को शिकायत के साथ वीडियो-क्लिपिंग भी भेजी गई थी, जिसमें साक्ष्य रिकॉर्ड किया जा रहा था और-पीठासीन अधिकारी, अदालत में मौजूद नहीं थे। हाईकोर्ट ने धनंजय चतुर्वेदी के खिलाफ आरोपपत्र जारी करके उत्तराखंड सरकारी सेवक (अनुशासन और अपील) नियम 2003 के नियम 7 के तहत उनके खिलाफ नियमित जांच शुरू की है। अपने निलंबन के दौरान, धनंजय चतुर्वेदी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चंपावत के कार्यालय से संबद्ध रहेंगे। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। दूसरी ओर एक अन्य आदेश में रुद्रप्रयाग जिला जज सुमन यादव को नैनीताल के जिला जज के रूप में स्थानांतरित किया गया है।

# ताजियादारी को लेकर प्रशासन अलर्ट

## कोतवाली में बुलाई अमन कमेटी की बैठक, मार्गों पर व्यवस्थाये दुरूस्त करने के निर्देश

काशीपुर(उद संवाददाता)। हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले पर्व मुहर्रम को निर्विघ्न तरीके से संपन्न कराने को लेकर कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में मुख्य रूप से बिजली पानी साफ सफाई आवारा पशुओं की रोकथाम तथा सरेराह झूलते विद्युत तारों को दुरुस्त करने का मुद्दा खासकर छाया रहा। आज अपराहन पुलिस के अधिकारियों ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों जनप्रतिनिधियों तथा व्यापारी नेताओं को बुलाकर कोतवाली परिसर में आवश्यक बैठक का आयोजन किया। इस दौरान ताजिया का जुलूस निकलने में आने वाली दिक्कतों को वक्ताओं ने प्रमुखता से रखते हुए कहा कि मार्ग में जहां-जहां गड्ढे हैं उन्हें दुरुस्त किया जाए इसके अलावा मोहल्ला बांसफोड़ान से मोहल्ला खालसा के बीच तमाम स्थानों पर सरेराह झूलते विद्युत तारों से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका के मद्देनजर उन्हें दुरुस्त करने की भी बात प्रमुखता से रखी गई। वक्ताओं ने यह भी कहा कि संवेदनशील व अति संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। इसके अलावा बताया गया कि बांसफोड़ान पुलिस चौकी के समीप स्थित शिव मंदिर के पास कुछ शरारती तत्व जुलूस के वक्त विघ्न पैदा करने का प्रयास करती हैं लिहाजा ऐसे लोगों पर पैनी निगाह रखी जाए तथा यही रास्ते में पढ़ने वाले एक खोखे को भी जुलूस के वक्त मार्ग से हटाया जाए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि काशीपुर एक जमाने से कौमी एकता का गुलदस्ता रहा है यहां प्रत्येक धर्म संप्रदाय के लोग आपस में एक दूसरे के साथ मिलकर त्यौहार में भागीदारी करते हैं। कार्यक्रम में मौजूद विद्युत विभाग के एसडीओ नगर निगम के कर्मचारियों ने भी यथासंभव सहयोग का वादा किया। अमन कमेटी की बैठक में वक्ताओं ने यह भी कहा कि बाल्मीकि बस्ती महेशपुरा के जिम्मेदार लोगों को बुलाकर उन्हें ताकीद किया जाए कि मोहर्रम के आवारा जानवर(सुअरों)को सड़कों पर ना छोड़ा जाए। यहां बता दें कि इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मोहम्मद साहब के छोटे नवासे हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में अपनी बात पर साथियों के साथ शहादत दी थी इसलिए मोहर्रम पर्व को गम के महीने के रूप में भी माना जाता है। दस मोहर्रम को शहादत की याद में ताजियादारी की जाती है। कोतवाली में संपन्न हुई बैठक के दौरान एडवोकेट अब्दुल सलीम, शफीक अहमद अंसारी, हसीन खान, राशिद फारूकी, पार्षद नौशाद, राजीव परनामी, इलियास माहीगीर, अख्तर अली माहीगीर आदि दर्जनों मौजूद रहे।




# ब्लॉक स्तरीय बालक चयन ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री उदयीमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम बालक वर्ग की ब्लॉक स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कुल 38 खिलाड़ियों (बालकों) द्वारा अलग-अलग आयु वर्ग में प्रतिभाग किया। चयन ट्रायल्स प्रतियोगिता का संचालन कमल किशोर सक्सैना ब्लॉक खेल समन्वयक द्वारा किया गया। जिसमें प्रतियोगिता



के संयोजक डा. राजेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षाधिकारी रूद्रपुर थे। सह संयोजक डा. अरुण कुमार सिंह व सुरेश बिष्ट, प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी, थे। इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक हरीश राम, लक्ष्मण सिंह टाकुली, राजेन्द्र सिंह भाकुनी, राकेश कुमार, रमेश चन्द्र, कैलाश वर्मा, रघुवीर सिंह, रामकिशन तिवारी, रमेश प्रताप सिंह, गोविन्द सिंह कोरंगा आदि थे। अन्त के 6 टॉप बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया जिनके द्वारा जिला स्तरीय प्रतियागिता में प्रतिभाग किया जायेगा।

# रितिका राणा और परिधि बिष्ट का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। गुरुनानक अकेडमी नानकमत्ता के खेल परिसर में विकास खंड स्तरीय दो दिवसीय मुख्यमंत्री उदयीमान खेल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में नगर पंचायत-शक्तिगढ़, नानकमत्ता एवं सितारगंज तथा चार न्याय पंचायतों के 8 से 14 वय वर्ग की प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में 600 मीटर, 30 मीटर फ्लाइंग, 10'60 मीटर की दौड़, ब्रॉडबैंड मेडिसिन बॉल इत्यादि प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग में दो-दो प्रतिभागी जनपद स्तर के लिए चयनित हुए। प्रतियोगिता में खंड शिक्षा अधिकारी तरुण पंत ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते जनपद हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में हिंदू



राष्ट्र महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुखवीर राठौर, जिला अध्यक्ष हिमांशु सक्सेना और नगर अध्यक्ष अमरीश पांडे की ओर से बच्चों के लिए जल और फल की सुंदर व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में सूरज सक्सेना, रमाकांत आचार्य, लीला रौतेला, निर्मल सिंह, फकीर सिंह, रामजन्म चौहान,पुष्पेंद्र कटियार, किशोर डांगी, सुनील कुमार,मुनीष सक्सेना,नीरज रानी, सुरेश बाबू राणा जितेंद्र राणा, हिमांचल चौहान, नवीन शर्मा शीला देवी सुनील कुमार ,शिव चरण सिंह सितारगंज के ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी ललित मेहरा एवं निर्मल सरकार,ललित मेहरा, गुरु नानक अकेडमी विद्यालय की निदेशक वायदा रैना प्रधानाचार्य डॉ मीनाक्षी ने व्यवस्था में सहयोग किया। प्रतियोगिता के संयोजक जशोद सिंह मेहता व श्रीमती हैप्पी रैना ने सभी का आभार प्रकट किया। संचालन के०एन०अटवाल एवं पंकज राय द्वारा किया गया।

# बदरीनाथ हाईवे समेत 337 सड़कें बंद

देहरादून। प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश भर में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। जबकि बुधवार को कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चंपावत और नैनीताल जिले के कई इलाकों में बिजली चमकने के साथ ही भारी बारिश हो सकती है। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि अगले कुछ दिन पूरे राज्य में तेज बारिश और बिजली चमकने के आसार हैं। बारिश से होने वाले भूस्खलन से संवेदनशील इलाकों में सड़क मार्ग और राजमार्ग अवरुद्ध हो सकते हैं। ऐसे में मौसम की सटीक जानकारी लेने के बाद ही यात्रा की योजना बनाए। प्रदेश में दो प्रमुख हाईवे बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग गोचर के पास कमेड़ा और चमोली में पांडुवाखाल से कर्णप्रयाग के बीच कालीमाटी के पास चट्टान खिसकने से ध्वस्त हो गए। दोनों प्रमुख मार्गों का एक बड़ा हिस्सा धंस गया। इसके अलावा प्रदेशभर में चार नेशनल हाईवे समेत 337 सड़कें बंद हैं।पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 94 बड़कोट में डाबराकोट और खराड़ी में दो जगह बंद है। एनएच 72-ए राष्ट्रीय राजमार्ग त्यूनी चकराता मसूरी बाटाघाट मलबा आने के कारण दो जगह बंद है। इसके अलावा टिहरी जनपद में लछमोली जामणीखाल राज्य मोटर मार्ग किमी 24 पर बगवालधार के पास पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। इसे ठीक होने में लंबा समय लग सकता है। चट्टान की ओर से आवासीय घर और दुकानें होने के कारण चट्टान की कटिंग संभव नहीं है। फिलहाल इस मार्ग के यातायात को जामणीखाल- तौली- नौसा- बागी- गुजेठा- हिसरियाखाल मोटर मार्ग पर डायवर्ट किया गया है। इस सड़क के बंद होने से ग्रामीण क्षेत्रों की हजारों की आबादी प्रभावित हुई है। लोनिवि की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, प्रदेशभर में कुल 258 सड़कें एक दिन पहले से बंद थीं। सोमवार को 133 सड़कें और बंद हुईं। कुल 391 बंद सड़कों में से सोमवार शाम तक 55 सड़कों को ही खोला जा सका था। लोनिवि के प्रमुख अभियंता दीपक यादव ने बताया कि प्रदेश में चार नेशनल हाईवे, 23 स्टेट हाईवे, नौ मुख्य जिला मार्ग, सात जिला मार्ग, 152 ग्रामीण सड़कें और 117 पीएमजीएसवाई की सड़कें बंद हैं। सड़कों को खोलने के काम में 291 जेसीबी मशीनों को लगाया गया।





## पेज एक का शेष...

**मोहर्रम कमेटी ...**हत्या के उपरान्त जसपुर क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी और अफवाओं के चलते तनाव की स्थिति भी बन रही थी। घटना को लेकर अलग-अलग तरह के कयास लगाये जा रहे थे। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी ने खुलासे के लिए 10 टीमो का गठन किया था। पुलिस टीमों ने सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और अन्य तथ्यों का भी बारीकी से परीक्षण किया। मामले में बीती शाम पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रोहताष कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी हिम्मतपुर हेमपुर स्माइल को कनकपुर से गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर घटना के समय पहनी जिन्स की पेन्ट, सफेद रंग की चप्पल, लाल रंग का बैग बरामद कर लिया। पूछताछ में रोहताष कुमार ने बताया कि वो 18 जुलाई की रात्रि में करीब 12.30 बजे अपनी माता से बहस होने के बाद अपने घर से नाराज होकर-लाल रंग के बैग में कपडे लेकर बिना रुपयों के घर से दूर मुरादाबाद में कही काम करने के लिए निकला। और पैदल-पैदल टाण्डा उज्जैन चौराहा से ढेला पुल की तरफ जा रहा था, महेशपुरा पुलिया के पास पैदल चलते हुए एक मोटरसाईकिल वाला व्यक्ति (मृतक मो0 आरिफ) उसके पास रुका और अपने आपको जसपुर का बताते हुए लिफ्ट देकर जसपुर तक छोड़ने की बात कही और साथ ही यह भी कहा कि मुरादाबाद, जसपुर से नजदीक है वहा से किसी वाहन में चले जाना। उक्त व्यक्ति की बात पर विश्वास कर वह आरिफ की मोटरसाईकिल पर बैठ गया । रास्ते मे अभियुक्त ने अपने घर से नारजगी वाली बात बताई और मृतक ने अपने आप को जसपुर का बताते हुए डम्पर मालिक होने व खनन का काम करने वाला बताया। रोहताष के मुताबिक मो. आरिफ ने उसे रास्ते में ढाबे पर खाना खिलाया और अपनी बातों में लेकर आम के बाग की चकरोड शमशान घाट रोड पर यह कहकर ले गया कि, आम के बाग में हमारे गार्ड रहते हैं वहा पर रात में सो जाना। सुबह जहाँ जाना है चले जाना। रोहताश ने पुलिस को बताया कि चकरोड पर आकर मो. आरिफ ने उससे अप्राकृतिक शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए कहा और गलत हरकत करने लगा। मना कर करने पर मो. आरिफ नाराज होकर उसे धमकाने लगा और चुन्नी से उसके हाथ बाँधने का प्रयास करने लगा। रोहताष के अनुसार मो. आरिफ की इस हरकत के बाद उसे गुस्सा आ गया और उसने चुन्नी को घुमाकर मो. आरिफ के ही गले में लपेट लिया और पुरी जान लगाकर उसका गला घोट दिया। जब वह बेसुध हो गया तो पास पडे पत्थर को ऊठाकर 2 उसके चेहरे पर वार किया। उसके बाद मृतक के कपडो की तलाशी लेकर उसकी जेब से 420 रुपये और का फोन निकाल लिया। बाद में रास्ते पर चलते हुए मोबाईल फोन को किसी अनजान जगह पर फेंक दिया गया था।

**विद्युत पोल से ...**मौत से परिवार में कोहराम मचा है। परिवारजनों ने बताया कि धर्मवीर को कुछ समय बाद विदेश जाना था। उधर, बाईपास मार्ग पर एआरटीओ कार्यालय के समीप देर रात हुई सड़क दुर्घटना में 33 वर्षीय आशीष पुत्र राजपाल सिंह निवासी गुमानीवाला ऋषिकेश तथा 32 वर्षीय मोहित पुंडीर पुत्र भगत सिंह पुंडीर निवासी शिवलोक साइट नई टिहरी घायल हो गए। दोनों को राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

**विद्युतकरंट से ...**आने के चलते चिपक गया। धनपाल के शोर मचाने के बाद तेजपाल ने भी मौके पर पहुंचकर उसे करंट से छुड़ाने का प्रयास किया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। कर्मचारियों द्वारा मृतक कर्मचारी को रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद रामनगर पहुंचे परिजनों को शव सौंप दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

**सामान चोरी करके...**दरवाजे के पास उक्त व्यक्ति को पकड़ने पहुंचे तो वह व्यक्ति भागने लगा इस पर पीछा कर उसको पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राजेंद्र पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम रामपुर मोहकम थाना रजपुरा जिला संभल उत्तर प्रदेश बताया। इसके बाद घर में देखा तो घर से एक एलईडी चोरी हुई थी। पूछने पर उसने बताया कि उसके साथ दो व्यक्ति थे जो लखनऊ के रहने वाले हैं। तलाशी लेने पर राजेन्द्र के पास से दो पेचकस, घर का टूटा हुआ ताला, आधार कार्ड, एक मोबाइल मिला है। पुलिस ने पकड़े गये चोर को सामान सहित गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया और उसके साथियों की तलाश शुरू कर दी।

**अनियमितताओं की शिकायत..** (अनुशासन एंव अपील) नियमावली के सुसंगत प्राविधानो के अन्तर्गत रामदत्त मिश्र, उप निबंधक को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। निलम्बन की अवधि में रामदत्त मिश्र को वित्तीय नियम संग्रह, खण्ड-2 भाग-2 मूल नियम 53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि, अर्द्धवेतन पर देय से 4 के अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी । उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि, महंगाई भत्ता यदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय है भी अनुमय होगा, किन्तु रामदत्त मिश्र को जीवन निर्वाह भत्ते के साथ कोई मंहगाई भत्ता देय नही होगा। निलम्बन काल में रामदत्त मिश्र को कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबंधन, देहरादून में सम्बद्ध किया गया है।

**लाखों की चोरी...**वीर सिंह के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक व वरिष्ठ उपनिरीक्षक खटीमा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम ने घर के आस-पास की सीसी टीवी कैमरों की फुटेजों का अवलोकन किया। मामले में पुलिस ने कमलेश कुशवाहा पुत्र प्यारे लाल कुशवाहा निवासी ग्राम ग्रीनसिटी हल्दी मझौला थाना खटीमा को टेडाघाट पुलिया खटीमा से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये सोने के जेवरात और 50,000 की नकदी भी बरामद की गयी।

**एसएसपी ने सात...**गदरपुर, उपनिरीक्षक प्रकाश राम विश्वकर्मा को पुलिस लाईन से थाना आईटीआई, उपनिरीक्षक चन्द्र सिंह को थाना गदरपुर से थाना नानकमत्ता,उपनिरीक्षक धीरेन्द्र परिहार को पुलिस लाईन रूद्रपुर से चौकी सिडकुल पन्तनगर स्थानांतरित किया गया है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मुनमुन कौर से बदलकर मुनमुन डे रख लिया है। भविष्य में मुझे मुनमुन डे के नाम से जाना व पहचाना जाए।

मुनमुन डे पत्नी श्री राजेंद्र सिंह,
निवासी-ए-13, इंपीरियल
ग्रींस, बिगवारा, रूद्रपुर, उधम
सिंह नगर, उत्तराखंड

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम राम दत्त से बदलकर राम दत्त जोशी रख लिया है। भविष्य में मुझे राम दत्त जोशी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

राम दत्त जोशी पुत्र श्री
मोती राम, निवासी-
गांव/पोस्ट-नानकमत्ता, नानकमत्ता,
उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000